वर्ष 4 अंक 197
पृष्ठ 14+4=18
धनबाद, गुरुवार
21 जनवरी 2016
आसनसोल संस्करण
मूल्य ₹ 5.00

विश्व का सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला अखबार
दैनिक जागरण

भड़काऊ भाषण मामले में अमित शाह को क्लीनचिट - 13 इस हार से नाराज नहीं निराश हूं : धौनी - 12

www.jagran.com
पश्चिम बंगाल • झारखंड • बिहार • उत्तर प्रदेश • दिल्ली • मध्य प्रदेश • हरियाणा • उत्तराखंड • पंजाब • जम्मू-कश्मीर • हिमाचल प्रदेश से प्रकाशित



# शिक्षा के साथ खेलकूद भी जरूरी

**जासं, आसनसोल :** दिल्ली पब्लिक स्कूल आसनसोल की तृतीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता बुधवार को स्कूल परिसर में आयोजित की गयी। इसका उद्घाटन स्कूल के प्राचार्य रामदेव शर्मा ने मशाल जलाकर तथा गुब्बारा उड़ाकर किया। यहां आयोजित विभिन्न स्पर्धाओं में करीब 200 बच्चों ने हिस्सा लिया। वहीं अभिभावकों के लिए भी मनोरंजक प्रतियोगिताएं आयोजित की गयी। विजेताओं को प्राचार्य द्वारा पुरस्कृत भी किया गया। प्राचार्य ने कहा कि वर्तमान समय में शिक्षा के साथ ही खेलकूद की प्रासंगिकता भी बढ़ गयी है। इससे बच्चों में मानसिक व शारीरिक विकास भी होता है। वहीं स्वास्थ्य के लिए भी खेलकूद काफी लाभदायक है। उन्होंने कहा कि डीपीएस की पूरे देश में शिक्षा के क्षेत्र अपनी एक अलग पहचान है। शिल्पांचल में भी बच्चों को बेहतर व गुणवत्तापरक शिक्षा देने के लिए डीपीएस आया है।



प्रतियोगिता का उद्घाटन करते अतिथि।